आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 26.06.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कल प्रधानमंत्री के संघर्षों पर आधारित द इमरजेंसी डायरीज–इयर्स देट फोर्जड ए लीडर नामक पुस्तक का विमोचन किया।
- उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने अंतर्राष्ट्रीय मादक द्रव्य निषेध एवं अवैध तस्करी विरोधी दिवस के अवसर पर द्वीपवासियों को एकजुट रहने का संदेश दिया।
- निकोबार जिला उपायुक्त ने विकास कार्यों का निरीक्षण करने के लिए द्वीपों का दौरा किया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल सुशासन और समयबद्ध कार्यान्वयन पहल –प्रगति की 48वीं बैठक की अध्यक्षता की तथा खनन, रेलवे और जल संसाधन से संबंधित प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा की। ये परियोजनाएं आर्थिक विकास और जनहित की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। बैठक में परियोजना पूरी होने की समय सीमा, अंतर एजेंसी समन्वय और विभिन्न मुद्दों के समाधान पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया। श्री मोदी ने कहा कि परियोजना पूरी होने में विलम्ब से वित्तीय लागत बढती है और नागरिकों तक आवश्यक सेवा और सुविधाओं की समय से पहुंच बाधित होती है। प्रधानमंत्री–आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन की समीक्षा के दौरान श्री मोदी ने सभी राज्यों से स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचा तेजी से विकसित करने की बात कही। प्रधानमंत्री ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढाने के प्रयासों की भी समीक्षा की।

<><><><><><><>

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कल नई दिल्ली में द इमरजेंसी डायरीज–इयर्स देट फोर्जड ए लीडर नामक पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक तत्कालीन युवा आरएसएस प्रचारक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाती है। श्री मोदी ने आपातकाल के विरूद्ध लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। पुस्तक में लोकतंत्र के आदर्शों के लिए संघर्ष करने वाले श्री मोदी की एक जीवंत तस्वीर पेश की गई है। श्री शाह ने आपातकाल की पचासवीं वर्षगांठ पर संविधान हत्या दिवस के कार्यक्रम के दौरान इस पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक पांच अध्यायों में विभाजित है। इस कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री ने

लोकतंत्र जिंदाबाद यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। संवैधानिक मूल्यों, लोकतांत्रिक अधिकारों और आपातकाल से मिले सबक को लेकर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से यह यात्रा पूरे देश में होगी।

<><><><><><>

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह चीन के छिंगदाओ में कल चीन में शंघाई सहयोग संगठन के रक्षामंत्रियों की बैठक में शामिल होंगे। इस बैठक के दौरान रक्षा मंत्री क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय शांति, सुरक्षा, आतंकवाद से मुकाबले के प्रयासों पर चर्चा करेंगे। रक्षा मंत्री दुनिया में आतंकवाद को समाप्त करने के लिए भारत का पक्ष रखेंगे। इसके साथ ही एस सी ओ के भीतर व्यापक व्यापार, आर्थिक सहयोग और कनेक्टिविटी पर भी विस्तृत चर्चा की जाएगी। इस बैठक के अलावा रक्षा मंत्री चीन और रूस सहित भागीदारी करने वाले कई देशों के रक्षा मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। शंघाई सहयोग संगठन दो हजार एक में स्थापित एक अंतर–सरकारी निकाय है। दो हजार सत्रह में भारत इस संगठन का पूर्ण सदस्य बना। मौजूदा एस सी ओ के सदस्यों में कजाकिस्तान, चीन, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, ईरान, बेलारूस और भारत शामिल हैं।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने आज मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय मादक द्रव्य निषेध एवं अवैध तस्करी विरोधी दिवस के अवसर पर समस्त द्वीपवासियों को आशा, साहस और एकजुटता का संदेश दिया है। उप–राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध हमारा द्वीपसमूह मजबूत और आपस में जुड़े समुदायों का भी आवास है। उन्होंने समाज से विशेष रूप से युवाओं से अपील की कि वे इस बुराई से अपने आप को बचाकर रखे। उप–राज्यपाल ने युवाओं को ज्ञान से सशक्त बनाने और अपने द्वीपसमूह को प्रगति के पथ पर आगे ले जाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि इन कलंक की जंजीरों को तोड़ना है, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन आ सके।

<><><><><><>

निकोबार जिले के उपायुक्त अमित काले ने विकास कार्यों की निगरानी का निरीक्षण करने के लिए चौरा, तेरेसा द्वीपों का दौरा किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान आदिवासी परिषदों और ग्राम प्रधानों के साथ समीक्षा बैठक की। चौरा में आर ओ प्लांट, स्थानीय स्कूल, स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्र, जेट्टी क्षेत्र, जलापूर्ति

और सड़क परिवहन सहित प्रमुख सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने बी एस एन एल अधिकारियों को निर्देश दिया कि निकोबार द्वीपसमूह पर संचार सेवाओं में किसी प्रकार की बाधा न आए और वी सेट सुविधा हर समय कार्यशील रहे। वहीं, तेरेसा द्वीप पर उपायुक्त अमित काले ने अलुरोंग, लुक्सी, चकमाची और कलासी गांव का दौरा किया। वहां प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाई जा रही सड़कों, स्कूलों, आंगनवाड़ी केन्द्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। सड़क संपर्क में आवश्यक सुधार करने के लिए मानसून सत्र के बाद नवम्बर में सुधार कार्य करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने जनजातीय परिषदों को आश्वासन दिया कि जिला योजना समिति की बैठक में परियोजनाओं को समय पर पूरा किया जाएगा और उनकी निगरानी सुनिश्चित की जाएगी।

<><><><><><>

नशीली दवाओं के दुरूपयोग और तस्करी के खिलाफ ननकौड़ी में सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मियों ने एक नाटक के माध्यम से नशीली दवाओं के लत के खतरों और परिवार और समाज पर पड़ने वाले इसके दुष्प्रभाव को दर्शाया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. लेफ्टिनेंट कर्नल निर्मल कुमार वाजपेयी ने नशली दवाओं के खिलाफ चलने वाले अभियान की सराहना की और इसका मजबूती से मुकाबला करने पर जोर दिया।

<><><><><><>

कल पूरे देश में संविधान हत्या दिवस की पचासवीं वर्षगांठ मनाई गई। इस अवसर पर अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा अंडमान क्लब में एक स्मारक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में द्वीपसमूह के उप–राज्यपाल ने लांग लिव डेमोक्रेसी नामक एक विशेष प्रदर्शनी भी देखी। प्रदर्शनी में आपातकाल के काले अध्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए संविधान के रक्षकों के निरंतर प्रयासों पर प्रकाश डाला गया। इस प्रदर्शनी के दौरान बताया गया कि आपातकाल के समय में संविधान के रक्षकों ने यातनाएं सहते हुए किस प्रकार संविधान को मूल रूप में वापस लाने में सफलता पाई। कार्यक्रम के दौरान संविधान हत्या दिवस पर एक लघु फिल्म भी दिखाई गई। लांग लिव डेमोक्रेसी थीम के तहत हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। कार्यक्रम का समापन पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रगान से हुआ। इस आयोजन के अन्य अतिथियों में पुलिस महानिदेशक एच एस धालीवाल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय कुमार सिन्हा, दक्षिण अंडमान ज़िला परिषद अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी और श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद अध्यक्ष शाहुल हमीद भी उपस्थित रहे।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद अभियान के अंतर्गत उच्च मूल्य कृषि विकास एजेंसी के सहयोग से लिटिल अंडमान के रामकृष्णपुर गांव में वैज्ञानिक मधुपालन पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मधुमक्खी पालन की संभावित संभावनाओं पर और आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए आयोजकों द्वारा प्रेरित किया गया। मधुमक्खी पालकों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से इस लाभान्वित करने वाली प्रशिक्षण कार्यक्रम की सभी ने सराहना की। इस कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि एस परमानाथन, ग्राम पंचायत समिति सदस्य अनीता मंडल और सहायक निदेशक कृषि श्रीदेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कुल चौंतीस मधुमक्खी पालकों ने भाग लिया।

<><><><><><><>